वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

प्रेषक : **कुलसचिव**
वी०बी०एस०पू० विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

पत्रांक : 3200/पू.वि.वि./कु०स०/2024
दिनांक : 14 नवम्बर, 2024

सेवा में,

1. **समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/शिक्षकगण**
   विश्वविद्यालय परिसर।

2. **समस्त प्राचार्य/प्रबन्धक**
   सम्बद्ध महाविद्यालय
   वीर बहादुर सिंह पू०वि०वि०,जौनपुर।

विषयः समर्थ ई.आर.पी. के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 3196/पू.वि.वि./कु०स०/2024 दिनांक 25 अक्टूबर, 2024 एवं पत्र संख्या 3199/पू.वि.वि./कु०स०/2024 दिनांक 28 अक्टूबर, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें शासन के निर्देशानुसार आपके महाविद्यालय/संस्थान में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं का समर्थ पोर्टल पर स्टूडेन्ट लॉगिन दिनांक 31.10.2024 तक कराये जाने हेतु अवधि विस्तरण किया गया था। किन्तु अभी-भी महाविद्यालयों/संस्थान में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं का लॉगिन नहीं हो पायी है।

परीक्षा नियन्त्रक ने पत्र संख्या 594/प०नि०का०/2024 दिनांक 10.11.2024 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों में पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं का नामांकन संख्या विश्वविद्यालय की वेब-साइट पर अपलोड कर दिया गया है तथा निर्धारित प्रक्रियानुसार छात्र/छात्रायें अपनी नामांकन संख्या प्राप्त कर सुरक्षित कर लें तथा इसके उपरान्त तत्काल अपना लॉगिन समर्थ पोर्टल पर करने हेतु निर्देश दिये गये है। **किन्तु खेद के साथ अवगत कराना पड़ रहा है कि अभी भी अधिकतम छात्र/छात्राओं द्वारा समर्थ पोर्टल पर स्टूडेन्ट लॉगिन नहीं किया गया है।**

अतः छात्र हित एवं संगठनों की विभिन्न मांगों के आलोक में पुनः स्टूडेन्ट लॉगिन हेतु अवधि विस्तरण करते हुए निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय/संस्थान में अध्ययनरत समस्त छात्र छात्राओं का समर्थ पोर्टल पर स्टूडेन्ट लॉगिन प्रत्येक दशा में दिनांक 18 नवम्बर, 2024 तक कराना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि तक समर्थ पोर्टल पर स्टूडेन्ट लॉगिन न कराने की स्थिति में प्रकरण पर शासन के निर्देशानुसार अग्रेतर निर्णय लिया जायेगा।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वित्तअधिकारी।
2. परीक्षा नियन्त्रक को इस आशय से कि उपरोक्त प्रकरण पर अपने स्तर से भी मॉनीटरिंग करने का कष्ट करें।
3. नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल।
4. समस्त उप कुलसचिव।
5. निजी सचिव, कुलपति, मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव